सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 11 फाल्गुन, 1945 ( श० ) / 01 मार्च, 2024 ( ई० )

प्रश्नों की कुल संख्या 128

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ( 1 ) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | .. | 35 |
| ( 2 ) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | .. | 63 |
| ( 3 ) | पर्यटन विभाग | .. | .. | .. | 13 |
| ( 4 ) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | .. | 10 |
| ( 5 ) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| ( 6 ) | विधि विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| ( 7 ) | संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| | | | | कुल योग -- | 128 |

नाला का निर्माण

'A'-*394. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री,योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खैरा प्रखंड अन्तर्गत खंड़ाईच पंचायत के वार्ड संख्या 2, 3, व 4 खंड़ाईच गाँव में घरेलू पानी के निकासी हेतु पक्का नाला नहीं होने के कारण घनी आबादी के बीचों-बीच जल-जमाव रहता है, जिसके कारण गाँव में हमेशा विवाद एवं अशांति का माहौल रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार खैरा प्रखंड अन्तर्गत खंड़ाईच पंचायत के वार्ड संख्या 2, 3 व 4 खंड़ाईच गाँव में सर्वेक्षण कराकर घरेलू पानी के निकासी हेतु पक्का नाला के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कवरयुक्त बिजली का तार लगाना

*1387. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के नरार पूर्वी पंचायत के थाना टोला में बिजली का नंगा तार जर्जर हो चुका है, जो बराबर टूटकर गिर जाता है, जिससे दिनांक 3 अगस्त, 2023 को तार टूटकर गिर जाने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई थी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में कवरयुक्त बिजली का तार लगाकर दुर्घटना रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समय सुनिश्चित कराना

*1388. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एम0एल0ए0 और एम0पी0 के लिये जिला पदाधिकारी और एस0पी0 द्वारा पूर्व के परम्परा के अनुरूप जनसमस्या निवारण हेतु महीना का कोई एक दिन मिलने हेतु सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनसमस्याओं के ससमय निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व के परम्परा की भाँति मिलने का समय सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण दोषी पर कार्रवाई

*1389. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखंड के बनकट पुरैना पंचायत, चुहड़ी पंचायत एवं मझौलिया प्रखंड के रमपुरवा महनवा पंचायत में वर्ष 2021 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य होना था, लेकिन अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिस कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवनों का निर्माण कराने एवं संबंधित दोषी पदाधिकारियों व संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'A'-दिनांक 21 फरवरी, 2024 को सदन द्वारा योजना एवं विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

मुआवजा देना एवं कार्रवाई करना

*1390. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के भटौली ग्राम में दिनांक 18 जनवरी, 2024 को बिजली का पोल गाड़ने के क्रम में पोल गिर जाने से स्व0 अंकुश कुमार, पिता-लालबाबू सिंह, ग्राम-भटौली, पोस्ट-दाँवा, जिला-भोजपुर की मृत्यु हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा मानक के अनुसार सामग्री न डालकर बल्कि उसमें गोबर एवं पुआल डालकर पोल गाड़ा जा रहा था, इसी क्रम में पोल गिर गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि घटनास्थल पर तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर एवं थाना प्रभारी, जगदीशपुर पहुँचे, परंतु विभाग के कार्यपालक अभियंता, जगदीशपुर घटना स्थल पर आजतक नहीं पहुँचे ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा देते हुये दोषी अभियंताओं एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापना कराना

*1391. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के धरौंधा में स्वास्थ्य केन्द्र का वर्ष 2022 में पूर्णरूपेण निर्माण कार्य सम्पन्न कराकर उद्घाटन भी करा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 2 वर्षों के बाद भी उक्त अस्पताल में पुरूष एवं महिला चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं की गई है, फलस्वरूप मरीजों को अन्यत्र स्थानों पर इलाज कराने हेतु जाना पड़ रहा है, जिससे कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में अविलम्ब पुरूष एवं महिला चिकित्सा पदाधिकारी की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

टेक्नीशियन की नियुक्ति

*1392. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, समस्तीपुर सहित अनुमंडलीय अस्पताल, दलसिंहसराय, रोसड़ा, पटोरी व पूसा में ऑक्सीजन प्लांट की देख-रेख व संचालन हेतु टेक्नीशियन की कमी होने से ऑक्सीजन प्लांट प्रायः बंद रहते हैं, जिसके कारण गंभीर मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर टेक्नीशियन की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*1393. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखंड के सिरसिया में प्रसिद्ध कामेश्वरनाथ महादेव मंदिर स्थित है, जिसमें चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं एवं अराजक तत्वों का प्रवेश होते रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल का चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । पर्यटन विभाग द्वारा वर्तमान में चनपटिया प्रखंड के सिरसिया में प्रसिद्ध कामेश्वर महादेव मंदिर में कोई भी योजना स्वीकृत/विचाराधीन नहीं है ।

अस्पताल को शीघ्र चालू कराना

*1394. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लौरिया अंचल अन्तर्गत कटैया, सहादतपुर में अस्पताल भवन का निर्माण लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कराया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि करोड़ों की लागत से तैयार भवन अभीतक सेवा नहीं दे रहा है एवं वहां कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्मित अस्पताल को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् तार हटाना

*1395. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत धजवा मध्य विद्यालय के ऊपर से 11000 वोल्ट विद्युत् तार गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 11000 वोल्ट विद्युत् तार हटाने के लिये सड़क किनारे पोल भी गाड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय के ऊपर से 11000 वोल्ट विद्युत् तार हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली कनेक्शन प्रदान करना

*1396. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में वर्ष 2023 में लगभग 10 हजार किसानों को कृषि पटवन हेतु बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि पटवन हेतु बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से आवेदन किये हुए किसान को पटवन में कठिनाई के साथ-साथ काफी खर्च करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषि पटवन हेतु वर्ष 2023 के आवेदकों को बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् अवर प्रमंडल पदाधिकारी की पदस्थापना

*1397. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल, पंडौल की स्थापना दो वर्ष पूर्व ही हुई है परंतु अभीतक विद्युत् अवर प्रमंडल पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विद्युत् अवर प्रमंडल पदाधिकारी का पदस्थापन विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल, पंडौल में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आश्रित को मुआवजा देना

*1398. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा अंचल अन्तर्गत ग्राम-बधमड़ी के मुनदुन साह की मृत्यु दिनांक 3 जुलाई, 2022 को पानी में डूबने से हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुनदुन साह का मृत्यु का यू0डी0 केस नं0-4/22 सहियारा थाना में दर्ज है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मुनदुन साह का पोस्टमार्टम 4 जुलाई, 2022 को सदर अस्पताल, सीतामढ़ी में हुआ था और रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पानी में डूबना बताया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा देने विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2), (3) एवं (4) जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतक मुनदुन साह की पत्नी श्रीमती फूलो देवी को CFMS के माध्यम से उनके खाता में दिनांक 12 फरवरी, 2024 को अनुग्रह अनुदान की राशि मो0 4.00 लाख (चार लाख) रुपये का भुगतान कर दिया गया है।

--------

मानदेय में वृद्धि

*1399. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया स्थित अनुग्रह नारायण सिंह मेडिकल कॉलेज में चतुर्थवर्गीय कर्मियों का मानदेय मात्र 14,800 रुपये प्रति महीना है जबकि उन्हें मात्र 13,340 रुपया भुगतान किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मानदेय में कर्मियों के जीवन यापन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त कर्मियों के हित में उनके मानदेय में वृद्धि कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*1400. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के हाँसा पंचायत में अबतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का स्थापना नहीं किया गया है, तो सरकार कबतक हाँसा पंचायत के डाक बंगला चौराहा के पास उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महत्वपूर्ण जाँच की व्यवस्था करवाना

*1401. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नरपतगंज सहित अररिया जिला स्थित सदर अस्पताल में भी अल्ट्रासाउंड जैसे महतपूर्ण जाँच की व्यवस्था उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रखंड एवं जिला स्तरीय अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड जैसे महत्वपूर्ण जाँच करवाने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निविदाकार को अयोग्य घोषित करना

*1402. श्री कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120 अमनौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत अगमकुआं स्थित State Tuberculosis Demonstration and Training Center के पुनर्निर्माण कार्य हेतु एन०आई०टी० के पत्रांक 38, दिनांक 28 नवम्बर, 2023 द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया, जिसमें कुल 8 निविदाकारों ने भाग लिया, लेकिन एक निविदाकार राज कन्सट्रक्शन, बोकारो के द्वारा बिड आलरेडी सबमिटेड में दी जाने वाली जानकारी छुपा ली गयी है, जिसकी पुष्टि पुलिस निर्माण निगम के द्वारा की गयी, जिसके बाद भी उक्त निविदाकार को आयोग्य घोषित नहीं किया जा रहा है जबकि पूर्व में भी निविदा में तथ्य छुपाने के लिये निविदा रद्द की गयी थी, यदि हाँ, तो सरकार तथ्य छुपाने वाले उपरोक्त निविदाकार को आयोग्य घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

------------

ऑपरेशन शुरू कराना

*1403. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के डुमराँव अनुमण्डल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नावानगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केसठ, चौगाई एवं डुमराँव में स्वीकृत पद से बेहद कम चिकित्सक प्रतिनियुक्त रहने के कारण सामान्य ओ०पी०डी०, आकस्मिक सेवा एवं रात्रिकालीन सेवा प्रभावित होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमराँव अनुमण्डल अस्पताल सेवा एवं विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिनियुक्त होने के बावजूद दुर्घटना में टूटी हड्डी को जोड़ने के लिये ऑपरेशन तथा प्लास्टर नहीं किया जाता है, जिससे मरीजों को बाध्य होकर निजी अस्पताल जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमराँव अनुमण्डल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नावानगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केसठ, चौगाई एवं डुमराँव में स्वीकृत पद के आधार पर चिकित्सकों को बहाल करने तथा अनुमंडल अस्पताल में हड्डी संबंधित ऑपरेशन शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1404. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड कोटवा में बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत के अन्तर्गत 7-8 कि०मी० की परिधि में कोई उप-स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत अन्तर्गत (हसनपुर बाजार) बड़हरवा कला में सार्वजनिक सरकारी परती गैर-मजरूआ भूमि उपलब्ध है, जो उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित होने की सभी शर्तें पूरी करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत हसनपुर बाजार उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली उपलब्ध करवाना

*1405. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा प्रखंड के नवादा पंचायत के ग्राम-अठडीला सरकारी विद्यालय के पास आज भी पाँच घरों में बिजली की सप्लाई नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त 5 घरों में बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा भुगतान करना

*1406. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के किसानों के निजी जमीन में बिना उनकी सूचना अथवा सहमति के बिजली के टावर, कम्पनियों द्वारा लगाये जा रहे हैं एवं अन्य प्रांतों के अनुरूप किसानों के भूमि के मुआवजा का भुगतान बिहार में नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अन्य प्रान्तों के अनुरूप किसानों को भूमि का मुआवजा भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा राशि भुगतान करना

*1407. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी पोल तार से विद्युत् स्पर्शाघात से मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की मुआवजा देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड अन्तर्गत शीशो पश्चिमी पंचायत के जितेन्द्र कुमार राम की मृत्यु दिनांक 7 नवम्बर, 2022 को एवं बच्चा बाबू खान की मृत्यु दिनांक 18 जनवरी, 2023 को सरकारी पोल तार से विद्युत् स्पर्शाघात से हो गयी थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि मृतक के परिजनों को अभीतक मुआवजा की राशि नहीं मिल पायी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित मृतकों के परिजनों को मुआवजा की राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2), (3) एवं (4) वस्तुस्थिति यह है कि स्व० जीतेश कुमार राम की आश्रित माता मसो० रासो देवी को कार्यालय आदेश संख्या 25, ज्ञापांक 240, दिनांक 02 फरवरी, 2024 द्वारा अनुमान्य मुआवजा के राशि 400000.00 (चार लाख रुपये) मात्र के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसका भुगतान चेक संख्या 053173, दिनांक 9 फरवरी, 2024 द्वारा मृतक के आश्रित को कर दिया गया है।

स्व० बच्चा बाबू खान की आश्रित पत्नी सहनाज बेगम को कार्यालय आदेश संख्या 07, दिनांक 14 जनवरी, 2023 द्वारा अनुमान्य मुआवजा के राशि 400000.00 (चार लाख रुपये) मात्र के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसका भुगतान चेक संख्या 053173, दिनांक 09 फरवरी, 2024 द्वारा मृतक के आश्रित को कर दिया गया है।

------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन निर्माण कराना

*1408. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड के गोरडिहा पंचायत के ग्राम-गोरडिहा एवं ग्राम-बाबू अमौना में क्रियाशील स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कवर युक्त तार लगाना

*1409. श्री हरीभूषण ठाकुर "बचौल" (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत हुसैनपुर पंचायत के सोनमनी गाँव में बिजली तार की स्थिति जर्जर हो गयी है तथा उक्त गाँव में बिजली तार जर्जर होने के कारण विद्युत् आपूर्ति बार-बार बाधित होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुराने जर्जर नंगे तार के स्थान पर कवर युक्त तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1410. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली प्रखंड अन्तर्गत पंचायत जहांगीरा एवं पंचायत शोमनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है तथा मरीजों को 5 कि०मी० दूर अलौली जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अलौली प्रखंड अन्तर्गत पंचायत जहांगीरा एवं पंचायत शोमनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1411. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखंड स्थित ग्राम-चांदी के पहाड़ पर सबरी माता का मंदिर अवस्थित है, जहां सालो भर हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक पूजा करने तथा प्राकृतिक छटा का मनोरम आनंद लेने आते हैं किंतु वहां मूलभूत सुविधा नहीं रहने एवं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नहीं किये जाने के कारण श्रद्धालु एवं पर्यटकों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर अवस्थित सबरी माता मंदिर को कबतक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने तथा मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । वर्तमान में शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखंड स्थित ग्राम-चांदी के पहाड़ पर सबरी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु कोई योजना स्वीकृत/विचाराधीन नहीं है।

-------------

पर्यटकीय धरोहर को बचाना

*1412. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लौरिया स्थित नंदनगढ़ पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नंदनगढ़ की जमीन अगल-बगल के वासगीत लोगों द्वारा अतिक्रमित होती रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार की उदासीनता से नंदनगढ़ की स्थिति पर्यटन के अनुकूल नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल का पैमाईश कराके उक्त पर्यटकीय धरोहर को बचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अलग कोषांग बनाना

*1413. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सूबे बिहार में पूर्व के वर्ष के अनुपात में वर्तमान समय में मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान हेतु निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य विभाग के यहां आवेदन बहुत अधिक संख्या में प्राप्त हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस अतिमहत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना का कार्यान्वयन पहले की अपेक्षा अत्यंत धीमी एवं सुस्त गति से पर्याप्त कर्मियों के अभाव में चल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के त्वरित कार्यान्वयन हेतु पर्याप्त कर्मियों को लगाने एवं इसका अलग कोषांग बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

फेब्रीकेटेड PICU वार्ड का निर्माण

*1414. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के सदर अस्पताल, शेखपुरा में 32 बेड का फेब्रीकेटेड PICU वार्ड का निर्माण BSMICL के द्वारा किया जाना है, अंचलाधिकारी, शेखपुरा के द्वारा भूमि चिन्हित कर दिये जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार सदर अस्पताल, शेखपुरा में 32 बेड का फेब्रीकेटेड PICU वार्ड का शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जीर्णोद्धार कराना

*1415. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड मुख्यालय के पास अवस्थित पोखर में घाट निर्माण सहित जीर्णोद्धार की मांग प्रश्नकर्ता द्वारा विगत दो वर्षों से जिलाधिकारी खगड़िया से की जा रही है, परंतु अभीतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोखर में घाट का निर्माण करते हुये उसका जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वेतनमान वृद्धि

*1416. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बिहार में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर CHO'S को मात्र 32000 रुपया प्रति माह मानदेय के संविदा पर रखा गया है, जबकि CHO'S के पद पर नियमित स्टाफ नर्स पदस्थापित होने पर उनका वेतन ग्रेड पे सहित लगभग 70,000-1,00,000 रुपया प्रतिमाह तक होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक द्वारा पत्रांक 7(31) 2022 एनएचएम-1, दिनांक 29 अगस्त, 2022 के माध्यम से CHO'S को बिहार नर्सिंग कैडर में शामिल करने हेतु बिहार सरकार को पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीएचओ को नर्सिंग कैडर में शामिल कर वेतनमान देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1417. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के कुल 23 पद स्वीकृत हैं जिसके विरुद्ध मात्र 3 चिकित्सक पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के रिक्त पदों पर कबतक चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1418. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घोसी का अस्पताल और आवासीय भवन जर्जर हो चुका है तथा डॉक्टर मनरेगा भवन के कमरे का मजबूरन इस्तेमाल करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रा० स्वा० केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल भवन का निर्माण

*1419. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चंपारण जिलान्तर्गत अति० प्रा०स्वा० केंद्र, चिउटाहाँ बिल्कुल जंगल के समीप थारू एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का एकमात्र बड़ा अस्पताल है, जो विगत कई वर्षों से 2 कमरों के स्वा० उप-केन्द्र भवन में संचालित किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग, पारा मेडिकल कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों के लिये पर्याप्त जगह का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सेवा को बहाल कराना

*1420. डॉ० सी०एन० गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 7 फरवरी, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''सारण के कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे की सुविधा बंद'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत जलालपुर प्रखंड स्थित सामुदायिक अस्पताल, तरैया प्रखंड में रेफरल अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे सेवा ठप रहने के कारण गरीब रोगियों को प्राईवेट एक्स-रे सेंटर में अधिक रुपया खर्च कर एक्स-रे कराने से आर्थिक क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सारण जिला के उक्त प्रखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बंद एक्स-रे सेवा को बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1421. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी चि०पदा० विगत 10 वर्षों से एवं हेल्थ मैनेजर 5 वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर दोनों पदस्थापित कर्मी के उपस्थित नहीं रहने के कारण जनता द्वारा शिकायत मिलने पर जिला पदाधिकारी, गया द्वारा उनके वेतन पर रोक लगा दी गई थी, बावजूद तीन माह पूर्व में भी सदर अनुमंडल पदाधिकारी, गया द्वारा उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच की गई जिसमें दोनों कर्मी लापरवाही बरतते हुये आजतक ये लोग ड्यूटी पर नहीं आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली बिल को माफ करना

*1422. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा

विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विधान सभा क्षेत्र वैशाली जिला के राजापाकर के प्रखंड सहदेई बुजुर्ग अंतर्गत पोहियार पंचायत के वार्ड नं०-7 स्थित दलित बस्ती से बिजली का कनेक्शन कट जाने के बाद भी तत्कालीन विद्युत् सहायक अभियंता के लापरवाही की वजह से बिजली का बिल आ गया है, बिना बिजली खपत का बिल आना गरीब दलितों के साथ अन्याय है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तत्कालीन विद्युत् सहायक अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये गरीब दलित परिवारों पर आये हुये बिजली बिल को माफ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति कराना

*1423. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या 13 स्थित पूर्वी तेज प्रताप नगर मोहल्ला के वृंदावन कॉलोनी, रोड नंबर-2 में आशीर्वाद इनक्लेव भाया वृन्दावन हाउस होते आई०ओ०पी० पाइप लाइन तक करीब 50 (पचास) बिजली उपभोक्ता लगभग 150 से 200 मीटर दूर से बाँस की बल्ली के सहारे विद्युत् आपूर्ति कर विद्युत् उपयोग कर रहे हैं, जिसके कारण किसी समय कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर विद्युत् पोल एवं तार उपलब्ध कराकर विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण

*1424. श्री जयन्त राज (क्षेत्र संख्या-159 अमरपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला में एक भी चिकित्सा महाविद्यालय अवस्थित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला नीति आयोग के अनुसार आकांक्षी जिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांका जिला में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अवर प्रमंडल प्रशाखा खोलना

*1425. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी, बासोपट्टी एवं कलुआही के 6 पावर सब-स्टेशन को मिलाकर अवर प्रमंडल प्रशाखा बासोपट्टी में खोलने का तीन वर्ष पूर्व निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक बासोपट्टी में प्रशाखा कार्यालय का शुभारम्भ नहीं किया गया है, जिस कारण बिजली उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई होती है तथा समस्या के निवारण हेतु जयनगर जाना पड़ता है, जबकि बासोपट्टी में सहायक अभियंता का पदस्थापन भी हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बासोपट्टी मे अवर प्रमंडल प्रशाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक ।

(2) आंशिक स्वीकारात्मक । विदित हो कि बासोपट्टी में विद्युत् आपूर्ति प्रशाखा, बासोपट्टी का कार्यालय संचालित है ।

विद्युत् उपभोक्ताओं से संबंधित मुख्य कार्य यथा बिल सुधार विद्युत् संबंध एवं विद्युत् आपूर्ति से संबंधित समस्याओं आदि का संपादन/निष्पादन विद्युत् आपूर्ति प्रशाखा कार्यालय के स्तर से किया जाता है । इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं के लिये 1912 टॉल फ्री नम्बर, सुविधा ऐप एवं हर घर बिजली पोर्टल जैसे ऑनलाइन माध्यम तथा ई-मेल एवं वाट्सऐप से भी समस्याओं/शिकायतों के निदान की व्यवस्था है ।

वर्तमान में नवसृजित विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल, बासोपट्टी, कार्यालय जयनगर स्थित विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय परिसर में संचालित है । साथ ही विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल, बासोपट्टी कार्यालय में सहायक विद्युत् अभियंता पदस्थापित हैं ।

(3) विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल, बासोपट्टी कार्यालय का संचालन बासोपट्टी अंतर्गत किये जाने हेतु किराये पर मकान/परिसर लेने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है ।

---

एम्बुलेंस का संचालन पुन: अस्पताल अधीक्षक की माध्यम से कराना

*1426. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल से संचालित होने वाली एम्बुलेंस सेवा पूर्व में अस्पताल अधीक्षक के नियंत्रणाधीन था, जिसे अब 102 के माध्यम से पटना से नियंत्रित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध रहने के बावजूद आकस्मिक स्थिति में 102 के माध्यम से आईडी जेनरेट नहीं होने पर मरीज को अस्पताल अधीक्षक के द्वारा एम्बुलेंस उपलब्ध कराने में असमर्थता व्यक्त की जाती है, जिससे गंभीर मरीज समय रहते किसी बड़े अस्पताल में अपना इलाज नहीं करवा पाने के कारण उन्हें जान-माल का नुकसान होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अनुमंडल अस्पताल, नरकटियागंज में उपलब्ध एम्बुलेंस का संचालन पुन: अस्पताल अधीक्षक की माध्यम से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपकरणों को लगाना

*1427. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''30 करोड़ भुगतान के बाद भी इलाज के उपकरणों का पता नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में पी०एम०सी०एच० अस्पताल का 200 करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल भवन का निर्माण मई-जून, 2023 में पूरा हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में इलाज हेतु उपकरणों के लिये 30 करोड़ रुपये का भुगतान करने के बाद भी उपकरणों को अस्पताल में नहीं लगाया गया है, जिसके कारण अस्पताल में रोगियों का समुचित रूप से इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में शीघ्र उपकरणों को लगाकर चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य आरंभ करना

*1428. डॉ० संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिले के परबत्ता विधान सभा में परबत्ता प्रखंड के नयागांव और गोगरी प्रखंड गोगरी में विद्युत् सब-स्टेशन की स्वीकृति मिलने के पश्चात् कार्य आरंभ नहीं हुआ है तथा उक्त दोनों जगहों पर जमीन का चयन विगत साल ही होने के बाद भी कार्य लंबित है एवं दोनों जगहों पर पावर सब-स्टेशन बनने से लोड शेडिंग और ओवर लोड की समस्या से निजात मिल जायेगा, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों जगहों पर पावर सब-स्टेशन का कार्य आरंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नवनिर्मित अस्पताल को चालू करना

*1429. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बरारी में 200 करोड़ की लागत से सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल बनकर तैयार है, जिसमें दिसम्बर, 2018 से ही OPD (ओ०पी०डी०) सेवा प्रारंभ करनी थी, परंतु सरकार द्वारा चिकित्सकों एवं नर्सों की प्रतिनियुक्ति ससमय नहीं किये जाने के कारण अबतक चालू नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार नवनिर्मित उक्त अस्पताल को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा राशि का भुगतान

*1430. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम प्रखंड स्थित पंचायत-महजपुरा, ग्राम-गोपालपुर के बिनोद पासवान, पिता-श्री सिद्धनाथ पासवान की मृत्यु दिनांक 14 जुलाई, 2023 को ब्रजपात से प्रखंड बिक्रम, ग्राम-आराप के कामेश्वर राम, पिता-स्वर्गीय इंद्रदेव राम की मृत्यु दिनांक 13 अगस्त, 2023 को सर्प के काटने से एवं प्रखंड दुल्हिनबाजार, ग्राम-भरतपुरा के अंकित कुमार, झुन्नी कुमारी, पिता-बौंन मांझी की मृत्यु दिनांक 25 जुलाई, 2023 को तालाब में डूबने के कारण हो गया था, जिसका सत्यापन अंचलाधिकारी द्वारा किये जाने के बावजूद आजतक आश्रित परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवस्था कराना

*1431. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पताही प्रखंड अन्तर्गत पताही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक, एक्स-रे मशीन और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिला एवं अन्य रोगियों को अल्ट्रासाउंड कराने हेतु निजी एक्स-रे तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर में जाना पड़ता है जिससे आर्थिक क्षति होती है जबकि प्रतिमाह यहां लगभग 300 डिलिवरी कराई जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति, एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## ट्रान्सफॉर्मर को बदलना

*1432. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के पचीरा पंचायत के वार्ड नम्बर 8 में सिंचाई के लिये लगा दो ट्रान्सफॉर्मर एक वर्ष पूर्व जल गया था, तब से अबतक उसे नहीं बदला गया है, जिससे किसानों को डीजल पम्प से सिंचाई करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों के हित में उक्त वार्ड में जले हुये ट्रान्सफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना

*1433. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड देवकुंड एक रामायण युगीन पौराणिक धर्मस्थल है तथा बाबा दूधेश्वर नाथ का मंदिर एवं चमन ऋषि का आश्रम है और लाखों की संख्या में सावन मास में श्रद्धालु आते हैं और पूरे महीने भव्य मेला लगता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राशि का आवंटन कर देवकुंड को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । औरंगाबाद जिलान्तर्गत देवकुंड में पर्यटकीय विकास हेतु पर्यटन विभाग के पत्रांक पर्य0यो0रा0-18/2021-37, दिनांक 4 जनवरी, 2024 द्वारा बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, पटना से अनापत्ति प्रमाण-पत्र की माँग की गई है ।

औरंगाबाद जिलान्तर्गत दूधेश्वर नाथ मंदिर एवं च्यवन ऋषि का आश्रम में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास हेतु वर्तमान में कोई भी योजना स्वीकृत/विचाराधीन नहीं है ।

--------

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*1434. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अन्तर्गत गरहोतिया में लगभग ढ़ाई वर्ष पूर्व हेल्थ वेलनेस सेन्टर के भवन निर्माण की स्वीकृति हुई थी, जिसके टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे ग्रामवासियों में काफी रोष है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गरहोतिया में बिहार सरकार की पर्याप्त जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरहोतिया में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

'क'-*1435. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखंड में कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु असहाय व्यक्तियों को ठंड से राहत हेतु 400-400 कम्बल 12 दिसम्बर, 2023 में जिला पदाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण द्वारा उपलब्ध कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2024 का पूरा महीना कड़ाके की ठंड की चपेट में रहा है, इसके बावजूद एक भी असहाय पीड़ित परिवारों के बीच कम्बल का वितरण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के असहाय व्यक्तियों के बीच कम्बल का वितरण कराने तथा दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियमितीकरण करना

*1436. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मलेरिया के मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु डी0डी0टी0 एवं अन्य रसायनों के छिड़काव के लिये मौसमी आधार पर कर्मी प्रत्येक वर्ष कार्य करते हैं परंतु उनका समायोजन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मलेरिया छिड़काव करने वाले मौसमी मजदूरों का नियमितीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*1437. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC), फुलवारीशरीफ में GNM के 16 पद में से एक भी पद पर GNM की प्रतिनियुक्ति नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त CHC में खाली पड़े GNM के सभी 16 सीटों पर कबतक प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नर्स या चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करना

*1438. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखंड स्थित स्वास्थ्य केन्द्र, लाउढ में नर्स या चिकित्सक नहीं होने के कारण वहाँ के मरीजों को प्राथमिक इलाज कराने हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है, जिसके कारण कई मरीजों की रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर नर्स या चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आई0सी0यू0 का परिचालन

*1439. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर सदर अस्पताल में आई0सी0यू0 के परिचालन हेतु वार्ड में लगभग छः माह पूर्व आवश्यक उपकरणों के अधिष्ठापन के पश्चात् भी आई0सी0यू0 का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार सदर अस्पताल, बक्सर में आई0सी0यू0 का परिचालन अविलम्ब प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट---'क'-आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 450, दिनांक 15 फरवरी, 2024 द्वारा समाज कल्याण विभाग को स्थानान्तरित ।

सदर अस्पताल में बदलना

*1440. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जोगबनी नगर पंचायत के नगर परिषद् बनने के कारण क्षेत्र का विस्तार हुआ, परन्तु जोगबनी स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र का विकास एवं विस्तार नहीं हुआ है, जिसके कारण मरीजों को लाभ नहीं मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लाखों की आबादी वाले जोगबनी नगर परिषद् में सदर अस्पताल एवं 24 घंटा स्वास्थ्य सुविधा नहीं रहने से मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जोगबनी नगर परिषद् स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र को सदर अस्पताल में तब्दील कर 24 घंटा स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली ट्रांसफार्मर लगाना

*1441. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर प्रखंड के पंचायत राजापाकर दक्षिणी में किसानों के लिये अलग बिजली ट्रांसफार्मर नहीं होने की वजह से वहाँ लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे कृषकों के कृषि-कार्य, पटवन आदि नहीं हो पाते है, फलतः किसानों की किसानी प्रभावित होने से अनाज का उत्पादन क्षमता से कम होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राजापाकर प्रखंड के राजापाकर दक्षिणी पंचायत में कृषि हेतु अलग बिजली ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि का भुगतान कराना

*1442. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ विधान सभा अंतर्गत ईस्ट ब्लॉक के हरदा पंचायत निवासी श्री राजकुमार मेहता की धर्म-पत्नी गीता देवी की मृत्यु तेज आंधी तूफान में दीवार गिरने से अप्रैल, 2023 में हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक के उत्तराधिकारी द्वारा आपदा से अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान हेतु सभी कागजात विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवेदक सहित पूर्णियाँ विधान सभा अंतर्गत लंबित आपदा अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तार को बदलना

*1443. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान सभा के जगदीशपुर एवं पीरो प्रखंड के ग्रामों में 35 प्रतिशत पुराने जर्जर तार अभीतक नहीं बदला गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखंडों में किसानों की कृषि कार्य हेतु बिजली उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के ग्रामों में कबतक जर्जर तार को बदलते हुए किसानों को खेती हेतु बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी बनाना

*1444. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल, मनिहारी में चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उसकी चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1445. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''राजेन्द्र नगर आँख अस्पताल सिर्फ चार डॉक्टर के भरोसे'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रदेश में आँखों के लिए एकमात्र 106 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, राजेन्द्र नगर पटना में निदेशक सहित स्थायी डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण प्रतिनियुक्त चिकित्सकों पर ओ0पी0डी0 में आने वाले प्रतिदिन औसत 250 मरीजों को देखने की जिम्मेवारी के चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में निदेशक सहित चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिविल सर्जन कार्यालय डुमरा से सीतामढ़ी में पुनः स्थापित करना

*1446. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिला हॉस्पिटल में सिविल सर्जन कार्यालय हॉस्पिटल परिसर में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य का एक मात्र जिला हॉस्पिटल सीतामढ़ी है, जहां सिविल सर्जन कार्यालय चार वर्ष पूर्व सीतामढ़ी हॉस्पिटल परिसर से हटाकर 10 कि0मी0 की दूरी पर डुमरा में चलता है, जिस कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सिविल सर्जन कार्यालय डुमरा से बदलकर जिला हॉस्पिटल कैंपस सीतामढ़ी पुनः स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पॉवर सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ाना

*1447. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा एवं बरारी में स्थापित पॉवर सब-स्टेशन की क्षमता कम होने के कारण लोगों को लोडशेडिंग की समस्या से जुझना पढ़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर स्थापित पॉवर सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनिमियतता की जांच कराना

*1448. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखंड-दरियापुर एवं परसा के सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था संवेदक द्वारा ससमय एवं निम्न स्तर का किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पतालों में साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था समुचित ढंग से नहीं होने के कारण मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़त रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अस्पतालों में संवेदक द्वारा बरती जा रही अनियमितता की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*1449. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय-सह-चिकित्सालय, बेगूसराय में शिक्षण कार्य बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय विगत वर्षों में कई शैक्षणिक विषयों के प्राध्यापक की सेवानिवृत्ति होने से कई विभागों में शिक्षक नहीं है जिस कारण एन0सी0आई0एस0एच0 द्वारा प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्राओं के सीट को क्रमशः घटा दी गई जिस कारण वर्ष 2023 में मात्र 23 सीट पर नामांकन हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में उच्च शैक्षणिक पद पर योग्यता रखने वाले शिक्षकों को पदस्थापित किये जाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आश्रित परिवार को मुआवजा की राशि देना

*1450. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु होने पर मृतक के परिजन को मुआवजा राशि दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के थाना-कुदरा, ग्राम+पो-अवरैयां के रहने वाले स्व0 अमर सिंह का मृत्यु दिनांक 25 जुलाई, 2023 को विद्युत् स्पर्शाघात से हो गया था, लेकिन इनके परिजन को अभी तक मुआवजा की राशि नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व0 अमर सिंह को विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मानव बल को पुनः वापस रखना

*1451. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 को श्रम अधीक्षक, मोतिहारी, विद्युत् कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी एवं आउट सोर्सिंग पर कार्यरत मानव बल के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ परंतु अभीतक समझौता के अनुरूप हटाये गये मानव बल को काम पर विद्युत् कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी द्वारा वापस नहीं लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक त्रिपक्षीय समझौता के अनुरूप हटाये गये मानव बल को पुनः वापस रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आश्रित को मुआवजा भुगतान करना

*1452. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के निवासी आशीष कुमार सिंह, पिता-अखिलेश कुमार सिंह, साकिन-शिवपुरी, वार्ड नं0 09, थाना, जिला-अररिया का देहांत दिनांक 27 अगस्त, 2019 को सड़क दुर्घटना में हो गया था, जिसका मुआवजा का भुगतान अबतक नहीं किया गया है, जिससे उक्त मृतक के आश्रित को कफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित मृतक के आश्रित को मुआवजा भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराना

*1453. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियाँ प्रखंड अंतर्गत एकहरी में भूमि उपलब्ध होने के बावजूद अबतक उप-स्वास्थ्य केंद्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एकहरी एवं इसके आस-पास के गांव के लोगों को इलाज हेतु लदनियां स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है जिसके कारण आम लोगों को समय एवं आर्थिक क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एकहरी में उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

इन्हेलर की मांग

*1454. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जनवरी, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''सरकार देती है नि:शुल्क फिर भी बाजार से इन्हेलर खरीदने को विवश'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2022 में राज्य के श्वसन तंत्र संक्रमित रोगी के लिए राज्य सरकार द्वारा अभी अस्पतालों में नि:शुल्क इन्हेलर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अस्पताल सहित अन्य जिला अस्पताल के भंडार में ब्यूटेसोनाइट और सालब्यूटामॉल इन्हेलर उपलब्ध होने के बाद भी पटना सहित अन्य जिलों के अस्पतालों में इन्हेलर की मांग नहीं कर रोगियों को बाहर से खरीदने के लिए रोगियों के पुर्जा में लिखे जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला दवा भंडार गृह में इन्हेलर उपलब्ध होने के बाद भी अस्पतालों द्वारा इन्हेलर की मांग नहीं करने का क्या औचित्य है ?

विकास कार्य कराना

*1455. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिये चलने वाली सीमा क्षेत्रीय विकास योजना (BADP) अन्तर्गत विगत तीन वर्षों से पश्चिम चम्पारण में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के सिकटा-मैनाटांड प्रखंडों में भी कोई कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में (BADP) योजना के तहत सिकटा-मैनाटांड प्रखंडों में विकास कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करने हेतु

*1456. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री कृषि विद्युत् संबंधी योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कार्य करने हेतु मे० टेक्रो पावर नाम एजेंसी का चयन किया गया था किन्तु इसके द्वारा विद्युत् कार्यों को तय मानक के अनुसार नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लिखित एवं मौखिक शिकायतों के बाद भी उक्त एजेंसी के कार्यों में कोई सुधार नहीं हुआ जिससे विद्युत् कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हुयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मे०टेक्रो पावर द्वारा कराये गये सभी कार्यों का निगरानी जाँच एवं जाँचोपरान्त कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ऐम्बुलेंस उपलब्ध कराना

*1457. श्री इजहारुल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखण्ड के दामलबाड़ी पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस नहीं रहने के कारण Emergency Cases में आमजनों को खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा उक्त स्थान से प्रखण्ड और मुख्यालय की दूरी लगभग 30 कि०मी० है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त स्थान में ऐम्बुलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर को चालू कराना

*1458. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखड अन्तर्गत कोदवार गांव के वार्ड नं० 3 में अवस्थित यादव टोला में चार वर्ष पूर्व स्थापित किये गये दो विद्युत् ट्रांसफॉर्मर को विद्युत् विभाग

के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आजतक चालू नहीं किया गया है, जिससे ग्रामवासियों में विद्युत् विभाग के प्रति भारी आक्रोश है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोला के दोनों ट्रांसफॉर्मर को चालू करने हेतु बिजली खंभों को गाड़कर बिजली तार खींचने का कार्य आजतक अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त दोनों ट्रांसफॉर्मर को चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराना

*1459. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत शिवसागर प्रखंड के रूप में वर्ष 2023 में आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराना प्रस्तावित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषियों पर कार्रवाई

*1460. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अमौर प्रखंड स्थित पावर हाऊस के लाइनमैन तथा कनीय अभियंता की मिलीभगत के कारण ग्रामीणों से ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिये पैसे की उगाही की जाती है जिसकी शिकायत ग्रामीण द्वारा ऊर्जा विभाग के सहायक अभियंता से दिनांक 1 फरवरी, 2024 को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई अभीतक नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आरोपों की उच्चस्तरीय जाँच कराकर कबतक दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*1461. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड अन्तर्गत भवनपुरा पंचायत के भवनपुरा गांव में कोसी नदी के किनारे माता जलेवरी दुर्गा माँ का मंदिर बना हुआ है, जहां दुर्गापूजा के अवसर पर विशाल मेला लगता है तथा सालोंभर श्रद्धालुओं का दर्शन हेतु आना-जाना लगा रहता है और गरीब परिवार का विवाह मंदिर परिसर में होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुग्रह अनुदान की राशि दिलाना

*1462. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत एन०एच० 57 पर समिया के नजदीक दिनांक

10 अप्रील, 2018 को 4.00 बजे अपराह्न में ट्रक से ठोकर लगने के कारण शिवम कुमार राय, पिता-प्रेमचन्द्र राय, ग्राम-महिनाथपुर, थाना-भैरवस्थान, अंचल-झंझारपुर, जिला-मधुबनी की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी तथा मृतक के पिता प्रेमचन्द्र राय घायल हो गये थे, परन्तु आश्रित को अभीतक अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर ने पत्रांक 493/आपदा, झंझारपुर 16 सितम्बर, 2020 के माध्यम से अंचल अधिकारी, झंझारपुर को सड़क दुर्घटना से संबंधित प्रतिवेदन/अभिलेख का त्रुटिमार्जन कर पुन: अभिलेख भेजने को कहा था, फलस्वरूप अबतक कार्रवाई लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मृतक शिवम् कुमार के आश्रित माता कुमकुम देवी को अनुग्रह अनुदान की राशि दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) जिला पदाधिकारी, मधुबनी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतक शिवम कुमार राय की माता श्रीमती कुमकुम देवी के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 35216828055, IFSC-SBIN0003266 में अनुग्रह अनुदान की राशि मो॰ 4.00 लाख (चार लाख) रुपये का भुगतान कर दिया गया है। साथ ही, प्रश्नगत मामले में घायल श्री प्रेमचन्द्र राय के उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक खाता संख्या 1003281030089396, IFSC-CBINOR10001 में अनुमान्य अनुदान राशि मो॰ 4,300 (चार हजार तीन सौ रु॰) का भुगतान कर दिया गया है।

---

## पुनर्वास हेतु

*1463. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ॰ज॰जा॰))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत गंगा नदी के कटाव से विस्थापित होकर बालमुकुन्द टोला के 150, लक्खी टोला के 200, श्रीरामपुर, बंकुटोला के 200, छोटा बड़ा नितांय टोला के 500, कमरूद्दीन टोला के 200, गोविन्दपुर के 200, बेलगच्छी जियामारी के 400 परिवार विस्थापित होकर 15 सालों से महानन्दा बाँध पर बसे हुये हैं, इनके पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इनके पुनर्वास का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है । अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, कटिहार से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापुर के बालमुकुन्द टोला के 10, लक्खी टोला के 05, श्रीरामपुर (बंकुटोला) के 25, कमरूद्दीन टोला के 11 एवं गोविन्दपुर के 05 परिवार गंगा नदी के कटाव से विस्थापित हुये हैं, जो महानन्दा बाँध पर बसे हुये हैं। इसके अतिरिक्त छोटा-बड़ा निताय टोला के 80 परिवार विस्थापित हुये हैं। इन सभी भूमिहीन विस्थापित परिवारों के पुनर्वास का कार्य प्रक्रियाधीन है।

बेलगच्छी जियामारी के कुल 230 विस्थापित परिवारों में से 211 परिवारों को भू-बन्दोबस्ती का पर्चा उपलब्ध करा दिया गया है एवं शेष 19 परिवारों को पुनर्वासित किये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

चिकित्सकों की नियुक्ति करना

*1464. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में नियुक्ति की सेवा नियमावली नहीं रहने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला स्तर तक के अस्पतालों में दंत चिकित्सकों के अधिकांश पद रिक्त हैं, जिसके कारण राज्य की जनता को स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिला अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली की आपूर्ति करना

*1465. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय में बिजली का तार काफी जर्जर है, जिससे शहरी क्षेत्र में हमेशा हादसे होते रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज शहर में बिजली की आपूर्ति अंडरग्रांउड केबल या कवर तार के द्वारा कराये जाने से बिजली की आपूर्ति गुणवत्तापूर्ण होती तथा हादसे नहीं के बराबर होंगे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरकटियागंज शहर में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति एवं बिजली की जर्जर तार से होने वाले हादसे से बचाव हेतु शहर की सभी जर्जर तार को अंडरग्राउंड केवल तार या कवर केबल तार में बदल कर बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1466. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि परबत्ता विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत परबत्ता और गोगरी प्रखंडों में अत्यधिक बिजली बिल की शिकायत आ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों में बिजली मीटर रीडिंग सही नहीं करने की वजह से गरीब लोगों को एकमुश्त मोटी रकम का बिजली बिल जमा करने को कहा जा रहा है तथा बिजली बिल जमा नहीं होने के कारण उनका बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उन गरीब परिवारों को सहूलियत देने और एकमुश्त बिजली बिल देने वाले कर्मियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति

*1467. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नटवार बाजार में हॉस्पिटल निर्माण के लिये दानदाता द्वारा 02 एकड़ जमीन दान दिया गया है, जिसपर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवार हॉस्पिटल बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त हॉस्पिटल का भवन जर्जर स्थिति में तथा डॉक्टर का अभाव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नटवार बाजार में हॉस्पिटल के भवन को नये सिरे से बनाकर डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों की ससमय उपस्थिति

*1468. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मोहद्दीनगर, बरारी एवं सच्चिदानन्दनगर में चिकित्सक के समय पर अस्पताल नहीं आने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में चिकित्सकों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवस्था कराना

*1469. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत चिरैया विधान सभा के चिरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउन्ड मशीन सहित अन्य आवश्यक जांच नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर जांच तथा अल्ट्रासाउन्ड कराना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अस्पताल में कबतक अल्ट्रासाउन्ड मशीन लगाने तथा अन्य आवश्यक जांच की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कराना

*1470. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला स्वास्थ्य समिति के पत्रांक 1385, दिनांक 11 नवम्बर, 2022 के द्वारा यह बतलाया गया कि बेगूसराय विधान सभा 146 अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कैथ, खम्हार, मिर्जापुर चांद, डीहपर, नौला एवं नींगा में जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय स्वास्थ्य समिति के 26 जून, 2023 के रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के निर्माण कार्य को एजेंसी को सौंपने के बाद अब यह बतलाया जा रहा है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित मामले को जांच कराकर उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का अतिशीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1471. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड-कल्याणपुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र, खरकी कुआं एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्र, बेलवा दोनों उप-स्वास्थ्य केन्द्र पहले से स्वीकृत कोयला हैं किन्तु भवन के अभाव में स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा से आवासित एवं निकटवर्ती आबादी अभीतक वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुपालन सुनिश्चित कराना

*1472. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के 15 नवम्बर, 2021 के निदेश के आलोक में बिहार सरकार ने पश्चिमी चम्पारण जिला मुख्यालय, बेतिया स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज समेत प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को शाम 4 बजे के बाद सुबह तक मृतकों का पोस्टमार्टम करने का निदेश दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निदेश के बावजूद भी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बेतिया में शाम 5 बजे के बाद पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिसके कारण मृतकों के परिजन मृतक शरीर के पास रात से सुबह 10 बजे तक इंतजार में बैठे रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय निदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------?

समान काम पर सामन वेतन देना

*1473. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत NHM कर्मियों का वेतन पुनरीक्षण भारत सरकार के निर्देशानुसार समान योग्यता, अनुभव, वर्कलोड, स्किल के आधार पर किया गया है, जबकि समान पद के अनुरूप DCM, DDA, BCM, और DAC का समान योग्यता, अनुभव वर्कलोड, स्किल के आधार पर वेतन अलग-अलग है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक 2007 से कार्यरत NHM कर्मियों को समान काम समान वेतन को धरातल पर लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*1474. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड मदनपुर के पंचायत निमा आँजन के ग्राम-मुड़गाँड़ा में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से ग्रामवासियों को इलाज हेतु लगभग 05 कि०मी० दूर विश्रामपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत निमा आँजन के ग्राम मुड़गाँड़ा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन का दर्जा देना

*1475. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बाबा ब्रह्मेश्वर धाम का प्रसिद्ध मंदिर है, जिसमें लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन करने आते हैं तथा उक्त मंदिर पर्यटन का दर्जा पाने की सभी अर्हता रखता है, तो सरकार उक्त प्रसिद्ध मंदिर स्थल को कबतक पर्यटन का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि पर्यटन विभाग द्वारा किसी स्थल/मंदिर को पर्यटन का दर्जा नहीं दिया जाता है ।

पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 844.19 लाख रुपये की योजना से बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर के विकास योजनान्तर्गत जल निकास का पुनर्विकास, चहारदीवारी, क्यू प्रबंधन, शौचालय का नवीनीकरण आदि कार्य कराया गया है ।

पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 216.74 लाख रुपये से बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मेश्वर स्थान, फेज-2 की योजना स्वीकृत किया गया है । इस योजना अन्तर्गत लाल सैन्डस्टोन से बने सूखे आवरण वाला फेस्ड, नया प्रवेश द्वार (उत्तर एवं दक्षिण साइड), इत्यादि का कार्य प्रस्तावित है । इस योजना की निविदा प्रक्रियाधीन है । इस योजना की कार्य एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना है ।

--------

नियुक्ति कराना

*1476. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विद्युत् विभाग में कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता की बहाली (मास विज्ञापन) पाँच वर्षों से बंद है, जिससे लाखों-लाख कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता बेरोजगार एवं भूखमरी के कगार पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समय से बहाली नहीं होने से एक-एक अभियंता के पास कई पदों का प्रभार है, जबकि बहाली की प्रक्रिया को शिथिल कर आऊटसोर्स से कार्य कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मास विज्ञापन निकाल कर कनीय एवं सहायक अभियंता की बहाली शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों के पदस्थापन

*1477. श्री राम नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-161 बाँका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, बाँका में हड्डी, न्यूरो, स्किन एवं एफ0एम0टी0 विभाग में एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल, बाँका के उक्त विभागों में चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवासन हेतु आवास

*1478. श्री राम नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-161 बाँका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, बाँका में पदस्थापित चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सरकारी आवास नहीं रहने के कारण उक्त सरकारी कर्मियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सरकारी कर्मियों के आवासन हेतु आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल, तार आदि लगाना

*1479. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर के पंचायत दरियारा के ग्राम-दरिहारा चतुर्भुज उच्च विद्यालय, दरिहारा से निदेश दास के घर तक पोल, तार नहीं लगने के कारण बाँस गाड़कर तार ले जाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जगह के तीन घरों में पोल के अभाव में बाँस गाड़कर विद्युत् कनेक्शन ले जाने के कारण कभी भी अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पोल, तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली आपूर्ति करना

*1480. श्रीमती मंजू अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शेरघाटी को विभागीय अधिसूचना, 1035, दिनांक 3 मार्च, 2021 के तहत नगर परिषद्, शेरघाटी में उत्क्रमित करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों के गाँव को भी समपरिवर्तित किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवसृजित वार्डों को शहरी क्षेत्रों के अनुरूप आपूर्ति बिजली विपत्र का भुगतान करने के बावजूद शहरी फीडर से नहीं जोड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नवसृजित वार्डों को शहरी फीडर से जोड़ते हुये बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क को बनवाना

*1481. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के शाहकुंड प्रखंड में माँ बागेश्वरी मंदिर से बाबा गिरवर नाथ मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्वत (स्थल) है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पर्वत के शिखर पर एक अतिप्राचीन शिव मंदिर है, जिसपर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं तथा उक्त मंदिर तक जाने के लिये सड़क नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सड़क को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र को अधिसूचित कराना

*1482. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, पिपरा एवं स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मोहनपुर के भवन निर्माण होने के बाद भी उक्त दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्वास्थ्य विभाग से अधिसूचित नहीं होने के कारण कोई भी पद की स्वीकृति नहीं हुई है, जिसके कारण स्थानीय मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अविलम्ब दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्र को अधिसूचित कराते हुये पदों की स्वीकृति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक सुविधा विकसित करना

*1483. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड अन्तर्गत सोनामा ग्राम के पास हनुमान गढ़ी मंदिर पिछले सौ वर्ष से अधिक से प्रसिद्ध मंदिर के रूप में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हनुमान गढ़ी मंदिर में देव दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु वहां आते हैं परन्तु पर्यटक सुविधा मुहैया नहीं रहने के कारण आगंतुकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर परिसर में पर्यटक सुविधा विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) वर्तमान में पर्यटन विभाग द्वारा उक्त स्थल पर कोई भी योजना स्वीकृत/विचाराधीन नहीं है।

--------

बकाये राशि का भुगतान कराने हेतु

*1484. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अंतर्गत बिक्रमगंज के गौतम नगर निवासी संजय कुमार सिन्हा, पिता-स्व0 रामपति लाल उपभोक्ता सं0 5560016 द्वारा बिजली बिल ससमय भुगतान नहीं करने या अत्यधिक बिजली बिल बकाया हो जाने के कारण बिजली बिच्छेदित कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली बिच्छेदित कर देने के बावजूद भी उपभोक्ता श्री संजय कुमार सिन्हा के नाम से प्रतिमाह के दर से बिजली बिल आने का सिलसिला जारी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली बिच्छेदि की तारीख 10 दिसम्बर, 2015 तक बकाये राशि 21,426/- रू0 का भुगतान उक्त विभाग को कराने संबंधी विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

राशि प्रदान करना

*1485. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल अंतर्गत महिषी प्रखंड स्थित महिषी दक्षिणी पंचायत के बाढ़ से बूरी तरह प्रभावित कोठिया वार्ड नं0 1 एवं 2 में बड़ी संख्या में लोगों को सभी प्रकार के जांच के बावजूद बाढ़ आपदा की राशि अभीतक नहीं मिल पाई है, यदि हाँ, तो सरकार बाढ़ आपदा की राशि लोगों को कबतक प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कन्डक्टर परिवर्तित कराना

*1486. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज तथा दिघलबैंक PSS को 33 KV Line किशनगंज पुराना ग्रिड से सप्लाई किया जाता है, किन्तु किशनगंज से बहादुरगंज की दूरी 25 कि0मी0 है तथा दिघलबैंक की दूरी लगभग 45 कि0मी0 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लम्बी दूरी एवं दशकों पुराना डॉग कन्डक्टर के कारण पींक लोड में हमेशा समस्या उत्पन्न होते रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डॉग कन्डक्टर को Wolf कन्डक्टर में परिवर्तित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समिति गठित करना

*1487. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसडा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, विधि विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा विधान सभा शिवाजीनगर प्रखंड के ग्राम-धर्मपुर पंचायत-जाखरधर्मपुर, वार्ड नं0 06 में दो सौ वर्ष प्राचीन रामजानकी मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर की जमीन अवैध रूप से बेचा जा रहा है इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दिया गया था परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जांच कर जमीन की बिक्री पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। प्राचीन रामजानकी मंदिर यह न्यास बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद् में दरभंगा जिलान्तर्गत सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या-242 (1955-56) है।

(2) उक्त मंदिर की भूमि को अवैध रूप से बेचने की सूचना बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्राप्त नहीं है। मंदिर की भूमि के संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षदीय पत्रांक 3839, दिनांक 21 फरवरी, 2024 द्वारा जिलाधिकारी, दरभंगा एवं पत्रांक 3840, दिनांक 21 फरवरी, 2024 द्वारा जिलाधिकारी, समस्तीपुर से प्रतिवेदन की माँग की गयी है ।

पर्षदीय आदेश दिनांक 17 फरवरी, 2024 के आलोक में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के निरीक्षक द्वारा भी स्थल निरीक्षण किया गया है। पर्षद के निरीक्षक द्वारा सूचित किया गया है कि न्यास की भूमि के संबंध में स्वत्व वाद संख्या-211/2014 माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

(3) उक्त न्यास की भूमि की बिक्री के संबंध में पर्षद को कोई विक्रय-विलेख प्राप्त नहीं है। पर्षदीय पत्रांक-3841, दिनांक 21 फरवरी, 2024 द्वारा अंचल पदाधिकारी, शिवाजीनगर, जिला-समस्तीपुर को न्यास की भूमि का दाखिल-खारिज बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की अनुमति के बिना, किसी व्यक्ति विशेष के पक्ष में नहीं करने हेतु पत्र निर्गत किया गया है । जबाव प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी ।

--------

स्वास्थ्य केंद्र का भवन

*1488. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि हसपुरा प्रखंड के टाल पंचायत के ग्राम-यदु बीघा तथा गोह प्रखंड के देवहरा पंचायत के ग्राम-देवहरा में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन नहीं है, जिससे आम-जनता को इलाज के लिए काफी दूर आना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थानों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*1489. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखंड मदनपुर के पंचायत दक्षिणा उमगा के ग्राम-सिजुआही एवं जमुनिया में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से ग्रामवासियों को इलाज हेतु 07 कि०मी० दूर मदनपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत दक्षिणा उमगा के ग्राम-सिजुआही एवं जमुनिया में उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संविदागत नियुक्ति की उच्चतस्तरीय जाँच कराना

*1490. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभागीय पत्रांक 49, दिनांक 31 जनवरी, 2024 द्वारा डॉ० आई०एस०ठाकुर, प्रभारी अधीक्षक पी०एम०सी०एच०, पटना की संविदागत नियुक्ति अधीक्षक पद पर सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन के बिना किया गया है, जो सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 10,000, दिनांक 10 जुलाई, 2015 की अवहेलना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, पटना के ज्ञापांक 3808, दिनांक 17 मार्च, 2023 द्वारा पी०एम०सी०एच० में दवा क्रय में हुयी अनियमितता में उक्त अधीक्षक नामित हैं, बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 82 (1), दिनांक 8 फरवरी, 2024 द्वारा उन्हें पी०एम०सी०एच०. के संविदागत अधीक्षक के रूप में वित्तीय शक्ति भी प्रदान कर दी गयी है, जो सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 11899, दिनांक 06 अक्टूबर, 2021 की अवहेलना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त संविदागत नियुक्ति अधीक्षक को पद से हटाने एवं उनकी संविदागत नियुक्ति की उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा के अनुसार संचालित कराना

*1491. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महिषी विधान सभा के तीनों प्रखण्डों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सृजित पद के विरुद्ध मात्र 20 फीसदी कर्मियों से ही कार्य लिया जा रहा है, जहां चिकित्सक 33 होने चाहिये लेकिन मात्र तीन ही पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवहट्टा महिषी व पंचगछिया स्वास्थ्य केन्द्रों पर न तो एक्स-रे की सुविधा है और न ही जाँच एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक यहां चिकित्सक व चिकित्सा कर्मियों की पदस्थापना व केन्द्र में देय सुविधा के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों को संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर एवं तार को हटाना

*1492. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत जामापुर बाजार में 200 KVA का ट्रांसफॉर्मर से 11 KVA का तार कई लोगों के घर के ऊपर से गुजरता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग एवं तार को घरों के ऊपर से हटाने हेतु बिजली विभाग को पूरे गाँव के लोगों द्वारा आवेदन दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर एवं तार टूटने से कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर एवं तार को हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कराने हेतु

*1493. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम-गौरा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु वर्ष 2021 में ही निविदा हो चुकी है, लेकिन अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आश्रित परिवार को सरकारी मुआवजा राशि दिलाना

*1494. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के ग्राम+पो०-लक्षुटोला, थाना-शाहपुर के स्व० निखिल यादव, पिता-भीखम यादव की दिनांक 4 अप्रील, 2023 को गंगा नदी में डूबने से मृत्यु हो गयी है, लेकिन अभीतक उनके आश्रित परिवार को कोई सरकारी सहायता राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उनके आश्रित परिवार को कबतक सरकारी मुआवजा राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्मृति भवन निर्माण

*1495. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड के सहिलोरी टोला में संत रविदास स्मृति भवन निर्माण योजना की अनुशंसा 2020-21 में निर्माण हेतु तत्कालीन स०वि०स० द्वारा किया गया था, जिसकी तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तथा जिलाधिकारी, बेगूसराय के पत्रांक 278/यो०, दिनांक 28 जून, 2021 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, तेघड़ा को

कार्य आरम्भ का निदेश वर्ष 2023 में दिया गया, उक्त पदाधिकारी ने पत्रांक 298, दिनांक 18 मार्च, 2023 द्वारा प्रतिवेदित किया कि स्वीकृति स्थल अतिक्रमित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, भगवानपुर ने पत्रांक 383, दिनांक 19 मार्च, 2023 द्वारा अनु० पदा० को सूचित किया कि उक्त स्थल पर अति०वाद सं० 07/2022-23 प्रारंभ कर अतिक्रमण समाप्ति की कार्रवाई जारी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर अतिक्रमण समाप्त कर उक्त स्मृति भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पावर हाऊस बनाना

*1496. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत सैसढ़ में पावर हाऊस बनाने के लिये सरकार द्वारा 2023 में स्वीकृति प्रदान की गयी है, परन्तु आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है जबकि उक्त पावर हाऊस बनाने के लिये सरकार द्वारा पैसा निर्गत कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पावर हाऊस बनाने का कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत शक्ति उप-केन्द्र स्थापित करना

*1497. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड अन्तर्गत ओबरा स्थित ओबरा पी०एस०एस० से करसावा फीडर द्वारा ओबरा के पूर्वी क्षेत्र में विद्युत् आपूर्ति की जाती है तथा अतिभारित होने के कारण लो वोल्टेज एवं तार टूटने की समस्या हमेशा उत्पन्न होती है, जिससे आमजनता एवं किसानों को सिंचाई आदि कार्यों में विद्युत् आपूर्ति बाधित होने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ओबरा के पूर्वी क्षेत्र में बेल के आस-पास विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटन स्थल बनाना

*1498. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत चमथा गांव गंगा घाट में सदियों से कल्पवास मेला लगता है, ऐसा पुराणों में वर्णित है कि वहां कल्पवास में जनकपुर के राजा जनक जी यहां पर कल्पवास करने आते थे, कविवर विद्यापति जी भी आते थे, जिस कारण उक्त स्थल प्रसिद्ध रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मेले को राजकीय मेला एवं उक्त स्थल को पर्यटन स्थल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत चमथा गंगा घाट में कल्पवास मेला लगता है। मेला में आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु पानी, शौचालय एवं चिकित्सा की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन के द्वारा की जाती है।

पर्यटन विभाग द्वारा किसी स्थल पर लगने वाले मेला को राजकीय मेला एवं किसी स्थल को पर्यटक स्थल बनाने की कार्रवाई नहीं की जाती है।

-------------

अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान करना

'ख'-*1499. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, परिवहन, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के सहसपुर पंचायत के चन्दौना निवासी सुजीत मंडल की पत्नी राधा देवी की मौत दिनांक 23 जून, 2022 को मोटर साइकिल की टक्कर के कारण हो गयी, जिसकी प्राथमिकी जाले थाना में 79/2022, दिनांक 23 जून, 2022 दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला अन्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के रामपुरा पंचायत अन्तर्गत हनुमान नगर निवासी स्व० दिलीप कुमार ठाकुर उर्फ मुन्ना, पिता-स्व० रामउदार ठाकुर की मौत दिनांक 29 मार्च, 2023 को कार के टक्कर से हो गयी, जिसकी प्राथमिकी सिमरी थाना में 46/2023, दिनांक 31 मार्च, 2023 दर्ज है तथा उक्त दोनों परिवारों के आश्रित को अनुग्रह अनुदान नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रित परिवार को कबतक अनुग्रह अनुदान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर सब-स्टेशनों का निर्माण

*1500. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार विद्युत् आपूर्ति प्रमण्डल अन्तर्गत 33/11के०वी० पावर सब-स्टेशन का निर्माण मनियां, दलन एवं डहेरिया तथा बारसोई स्थित विद्युत् आपूर्ति प्रमण्डल, कुम्हरी एवं सुधानी में प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रस्तावित पावर सब-स्टेशनों का निर्माण नहीं होने से दोनों विद्युत् प्रमण्डलों में विद्युत् आपूर्ति में काफी कठिनाई हो रही है एवं विद्युत् उपभोक्ताओं को खास कर गर्मी में लोड शेडिंग का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पावर सब-स्टेशनों का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जर्जर भवन को बनाना

*1501. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के भगवानपुर प्रखंड के रसलपुर स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर होने के कारण स्वास्थ्य भवन में ए०एन०एम० सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी अन्यत्र जगह पर ड्यूटी कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के जर्जर भवन को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'ख'- आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 447, दिनांक 15 फरवरी, 2024 द्वारा परिवहन विभाग को स्थानान्तरित ।

विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन करना

*1502. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, कटिहार के परिसर में एक सौ बेड का मातृ-शिशु अस्पताल भवन एवं एक सौ बेड का अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, साथ ही स्वास्थ्य सेवाएँ भी स्थानांतरित हो चुकी है, किन्तु विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में चिकित्सा सेवा बाधित है तथा रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में निजी चिकित्सकों से इलाज कराना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र या अतिरिक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*1503. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के ग्राम-बेलोखरा वार्ड नं०-01 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिये काफी दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-बेलोखरा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र या अतिरिक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वेतन वृद्धि का लाभ देना

*1504. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80-बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दरभंगा (DMCH) में स्वास्थ्य प्रबंधक के पद पर वर्ष 2010 में कर्मियों की नियुक्ति हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दरभंगा में नियुक्त सभी स्वास्थ्य प्रबंधक का वेतन वृद्धि 2019 से लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दरभंगा में नियुक्त सभी स्वास्थ्य प्रबंधकों को कबतक वेतन वृद्धि का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*1505. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के अरवल नगर अन्तर्गत जनकपुर धाम एवं मखदूम साहब के मजार को पर्यटन के तहत विकसित करने के सभी मानक के बावजूद अभीतक योजना नहीं ली गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जगह विकसित करने से बाहरी पर्यटकों के आने व ठहरने में सहूलियत होगी और पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरवल के जनकपुर धाम एवं मखदूम साहब के मजार को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करना

*1506. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के समस्तीपुर शहर स्थित आदर्शनगर मुहल्ला रोड नं०-1 ई० में मुहल्ला के अंतिम छोर तक जर्जर तार के माध्यम से विद्युत् कनेक्शन देकर विद्युत् आपूर्ति की जा रही है जिससे प्राय: शार्ट-सर्किट होकर विद्युत् आपूर्ति बाधित हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मोहल्ला में छ: माह पूर्व नया पोल एवं कवर तार का अधिष्ठापन कर दिया गया है किन्तु विद्युत् कनेक्शन देने हेतु मात्र एक पोल पर बॉक्स लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक पोल पर बॉक्स लगाकर आम उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*1507. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड में सिंहपुर पश्चिम पंचायत के नवटोलिया काली मंदिर पौराणिक एवं धार्मिक महत्ता के कारण लोगों की आस्था का केन्द्र है तथा उक्त काली मंदिर गंगा नदी के किनारे है एवं उक्त स्थल पर नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आस्था के केन्द्र को विकसित करने एवं नागरिक सुविधा यथा सीढ़ी घाट, स्थायी यात्री शेड, शौचालय एवं हाईमास्ट लाइट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ऐम्बुलेंस को नेपाल जाने की अनुमति देना

*1508. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जोगबनी नगर परिषद् का बाजार संकीर्ण एवं जाम रहने के कारण मित्र देश नेपाल में इलाज कराने जा रहे मरीजों के ऐम्बुलेंस को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जोगबनी नगर परिषद् स्थित बाजार को सड़क जाम से निजात दिलाते हुये मरीजों को समुचित ऐम्बुलेंस सेवा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुक्त कराना

*1509. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकंगरसराय अंचल अंतर्गत श्री उदासीन समिति तारापुर के नाम से एक मठ संचालित है, जिसके पास तीन एकड़ से अधिक जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मठ के जमीन में से खाता नं० 29, प्लॉट नं० 599 को रामवृक्ष प्रसाद, रकबा 83 डिसमिल, खाता सं० 29, प्लॉट नं०-777, रामप्रवेश कुमार, रकबा 18.55 डिसमिल एवं खाता सं० 29, प्लॉट नं० 846 मुकेश कुमार द्वारा विगत् पांच वर्षों से अवैध कब्जा जमाये बैठे हैं, जबकि इसके संबंध में अंचलाधिकारी को मठ के सचिव द्वारा लिखित जानकारी छंह माह पूर्व उपलब्ध कराया गया है, परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कर्मियों का पदस्थापन

*1510. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों के स्वीकृत पद के विरुद्ध चिकित्सकों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित चिकित्सा कर्मियों की संख्या नगण्य होने के कारण छोटे-मोटे रोग का इलाज कराने के लिये आने वाले मरीजों को भी सहरसा रेफर कर दिया जाता है साथ ही विगत एक वर्ष से रेडियोलोजिस्ट नहीं होने के कारण मरीजों की जांच के लिये लगे मशीन का भी कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस महत्वपूर्ण अस्पताल में मरीजों के इलाज हतु पर्याप्त संख्या में स्त्री रोग विशेषज्ञ, रेडियोलोजिस्ट सहित चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

परिसंपत्तियों का अनुरक्षण

*1511. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 1172, दिनांक 24 मार्च, 2021 के द्वारा मार्गदर्शिका में यह प्रावधान किया गया है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत योजनाओं के कार्यान्वयन के फलस्वरूप सृजित परिसंपत्तियों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव हेतु प्रशासी विभाग द्वारा स्थानीय पदाधिकारी को हस्तांतरित करने के उपरांत प्रशासी विभाग द्वारा एक अलग विषय शीर्ष खोलकर प्रत्येक वर्ष बजट का प्रावधान कराया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड में इस योजना के तहत निर्मित परिसंपत्ति का अनुरक्षण एवं रख-रखाव किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों का अनुरक्षण एवं रख-रखाव कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) विभागीय संकल्प संख्या 1172, दिनांक 24 मार्च, 2021 के द्वारा मार्गदर्शिका की कंडिका 6 'ख' में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत योजनाओं के कार्यान्वयन के फलस्वरूप सृजित परिसम्पत्तियों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव हेतु संबंधित प्रशासी विभाग के स्थानीय पदाधिकारियों को हस्तांतरित करने का प्रावधान है ।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

------------

आश्रितों को मुआवजा देना

*1512. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नामोनाथ कुमार चौधरी, पिता-रमाशंकर चौधरी, निवासी-ग्राम+पो -आवापुर, थाना पुपरी, जिला-सीतामढ़ी का निधन दिनांक 6 सितम्बर, 2023 को बिजली के करंट से हो गया था, यदि

हाँ, तो सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मंदिर का विकास

*1513. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल के भवानीपुर में अवस्थित श्री श्री 108 उग्रनाथ मंदिर विश्वप्रसिद्ध रहने के बावजूद पर्यटकीय विकास के अभाव के कारण यहां श्रद्धालुओं का आवागमन कम होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उग्रनाथ मंदिर को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 (पुनरीक्षित कार्यघटक पत्रांक 1310, दिनांक 13 अगस्त, 2020) में 100.02 लाख रुपये की योजना से मधुबनी जिलान्तर्गत उगना महादेव मंदिर में पर्यटकीय विकास कार्य योजनान्तर्गत तालाब में घाट का निर्माण, यात्री शेड, यात्री निवास, इलेक्ट्रीकल वर्क इत्यादि कार्य कराया गया है।

-------------

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटनाः
दिनांक 01 मार्च, 2024 (ई०) ।

वि०स०मु०-100 (एल०ए०), 2023-24 डी०टी०पी०-550